52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.8°c | अधिकतम 32.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:05 सूर्यास्त : 6:21 | वर्ष : 52/ अंक : 258 | मंगलवार, 17 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

शब्द ही जीवन को 'अर्थ' दे जाते हैं और शब्द ही जीवन को 'अनर्थ' कर देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मैं भगवान के आगे लेटने की नौटंकी नहीं कर सकता : राहुल गांधी



भारत में करोड़ों लोग भगवान के आगे लेटते हैं.. लेटकर परिक्रमा भी करते हैं....

# तौले के भाव बिक रहा धनिया, चटनी की तरह पिस रहा आम आदमी

## कैसे लगेगी महंगाई पर लगाम, जरा पूछकर देखो सब्जियों के दाम

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** सुनकर तो यकीन नहीं आता मगर कभी कभी महंगाई भी इस कदर हो जाती है कि वास्तव में आम आदमी धनिये की चटनी की तरह पिसता दिखाई देता है। यदि आप सब्जी खरीदने जाते हैं तो आपको धनिये का भाव पता ही होगा। धनिया भी आज इस तरह बिक रहा है जैसे किलो आधी किलो का भाव नहीं बल्कि सोने की तरह तौले के भाव बिक रहा हो। दरअसल महंगाई की इस मार में धनिया 300 से 400 रुपये किलो हो चुका है। ऐसे में 3 तौले धनिया लेना होगा, तो उसकी कीमत लगभग 10 रुपये बैठेगी। आओ जानें कि इस समय सब्जियों के दाम कहां पर हैं-

सब्जियों के दामों में इस समय आग लगी हुई है और सरकार इस पर किसी भी प्रकार से नियंत्रण नहीं कर पा रही है, कहीं बारिश का हवाला तो कहीं बाढ़। इस कारण इस समय सब्जियों पर हाथ रखना मुश्किल हो रहा है और सब्जियां गृहणियों की रसोई का बजट



बिगाड़ रही हैं। जहां एक ओर 50-60 रुपये के बजट में दो समय की सब्जियां बन जाया करती थी वहीं अब यह जब 150 तक पहुंच रहा है। बड़ी बात यह है कि जब सब्जियों के दाम में उछाल आता है तो महीनों महीनों तक उक्त मामले में होश ही नहीं लेती। जब पूरी तरह सब्जियों के दाम उछाल पर होते हैं और हा-हाकार मचने लगता है तब सरकार जागती है तब कहीं जाकर कुछ लगाम सब्जियों पर लग पाती है। फिलहाल हर घर की रसोई में रोजाना प्रयोग होने वाले प्याज ने आंख में आंसू ला रखे हैं। 50-60 रुपये किलो प्याज के दाम हो चुके हैं, वहीं टमाटर भी महंगाई से लाल हो रहा है। टमाटर भी 40-60 रुपये किलो के बीच बिकता दिख रहा है और जिसे कहावतों में यह कह दिया जाता है कि तुम किस खेत की मूली हो वह आज 50 रुपये किलो बिक रही है। गोभी 70, अरवी 70 और वो लौकी जिसे सिर्फ बीमारी में ही लोग खाना पसंद करते हैं 40 रुपये किलो बिक रही है। ऐसे ही बिना पेंदी के बैंगन का भी भाव 40 रुपये किलो है। हरी मिर्च ने आंख, कान, मुंह तीनों से धुएं निकाल रखे हैं। हरी मिर्च का भाव इस समय 100 रुपये किलो है। अब ऐसे में सब्जियों की महंगाई कहां जाएगी यह कह पाना मुश्किल है मगर गरीब व मध्यम वर्ग के लिए आज सब्जी खरीदना दुश्वार हो रहा है। 100 से 150 रुपये प्रतिदिन की यदि सब्जी ही खरीदी जाएगी, तो बच्चों को गरीब व मध्यम वर्ग का व्यक्ति दूध कहां से पिला पाएगा। रसोई का बजट अगर ऐसे ही बिगड़ा रहा तो मध्यम व गरीब वर्ग को छठी का दूध याद आ जाएगा क्योंकि आजकल दूध की महंगाई भी कोई कम नहीं है। ऐसे में चार लोगों के परिवार में भी एक से डेढ किलो दूध आता है, जिसकी कीमत 70 रुपये किलो के आसपास है। ऐसे में रोजमर्रा की जिंदगी में 200-250 रुपये तो सब्जी व दूध के लिए ही जुटाने पड़ते हैं। बाकी खर्च की बात तो अभी यहां की ही नहीं जा रही है। ऐसे में आम आदमी किस तरह से अपने घर का गुजारा कर पाएगा यह बात सवालों के घेरे में है। हालांकि जब तक यह बात सरकार तक पहुंचेगी तब तक सब्जियां अपने आप ही सस्ती हो जाएंगी।

## स्पा सैन्टर पर पुलिस ने की छापेमारी, हासिल कुछ भी नहीं

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** नगर में आये दिन स्पा सैन्टरों की चर्चा जोरों पर होती है, मगर हर बार कुछ भी हासिल होता नहीं दिखाई देता। दरअसल नगर के संभ्रांत नागरिकों को यह सूचना लगातार देते रहते हैं कि भोपा रोड पर कई स्पा सैन्टर खुले हैं और उक्त स्पा सैन्टरों पर अवैध कार्य होने की सूचना भी लगातार मिलती रहती है और ऐसा नहीं है कि पुलिस उक्त मामले में कार्यवाही नहीं करती। सोमवार को भी नई मंडी सीओ रूपाली राव ने खुद स्पा सैन्टरों का मोर्चा संभालते हुए भोपा रोड स्थित एक स्पा सैन्टर पर छापेमारी की और छापेमारी के दौरान उन्होंने जानकारी हासिल की कि कौन-कौन से ग्राहक किस समय वहां आये थे और उनका स्पा सैन्टर के अन्दर क्या काम था। स्पा सैन्टर के मालिक द्वारा पूरा हिसाब-किताब दे दिया गया, जिसके बाद बिना किसी कार्यवाही के सीओ रूपाली राव को अपनी टीम के साथ वापस लौटना पड़ा। आपको बता दें कि उक्त स्पा सैन्टरों पर एनसीआर में चलाये जाने की कोई अनुमति नहीं है, मगर मुजफ्फरनगर में ये स्पा सैन्टर किसके इशारे पर चलते हैं, ये आज तक पता नहीं चल पाया है। समय-समय पर शहर में चल रहे एक दर्जन से अधिक स्पा सैन्टरों पर आम जनता की सूचना पर ही कार्यवाही होते देखा जाता है। पुलिस द्वारा



शिकायत के आधार पर ही कार्यवाही होती है। उससे पहले कभी किसी ने नगर में स्पा सैन्टरों पर खुद कार्यवाही नहीं होते देखी। ऐसे में यह सवाल लाजमी बनता है कि किसी न किसी की शह पर तो उक्त स्पा सैन्टर चल ही रहे हैं और उक्त स्पा सैन्टरों पर अवैध कार्यों को भी अंजाम दिया जाता है यह भी दबी जुबान से स्पा सैन्टरों के आसपास के लोग बता ही देते हैं। अब देखना यह होगा कि उक्त स्पा सैन्टर कब तक कार्यवाही से बचते दिखाई पड़ते हैं। फिलहाल तो हर बार की तरह इस बार भी स्पा सैन्टर पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गयी। मंगलवार को पुलिस इस बाबत क्या कार्यवाही करती है यह देखने वाली बात है।

### आज इस्तीफा देंगे सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल कल (आज) इस्तीफा दे सकते हैं। दिल्ली एलजी कार्यालय के मुताबिक, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और सीएम अरविंद केजरीवाल की बैठक कल शाम 4.30 बजे एलजी सचिवालय में होगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलने का समय मांगा है। बताया जा रहा है कि वह 15 दिन के अंदर सीएम आवास छोड़ देंगे। पीएसी (राजनीतिक कार्रवाई समिति) की बैठक में अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के साथ दिल्ली के नए सीएम को लेकर चर्चा हुई। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कल सीएम केजरीवाल उपराज्यपाल से मिलकर इस्तीफा देंगे। पीएसी की बैठक में सीएम केजरीवाल ने नेताओं से अलग-अलग बात की और उनका फीडबैक लिया। इस बीच कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा, 'जब किसी राजनीतिक दल में सत्ता परिवर्तन होता है, नेतृत्व परिवर्तन होता है तो राजनीतिक फैसले लिए जाते हैं। फैसला इस हिसाब से लिया जाता है कि कौन बड़ा नेता है, जनता के बीच किसका प्रभाव है। आम आदमी पार्टी में सिर्फ केजरीवाल हैं, बाकी लोग, इस शब्द का इस्तेमाल करने के लिए माफी चाहते हैं, घरेलू नौकरों की तरह हैं। यह सत्ता का हस्तांतरण नहीं है, बल्कि एक व्यापारिक कंपनी के शेयरों का हस्तांतरण है, आम आदमी पार्टी एक व्यापारिक कंपनी है।'

## नाम बताया आयुष, निकला आदिल, लव जेहाद का मामला आया सामने

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** दिल्ली की रहने वाली एक युवती की शादी रोहतक हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही उसका पति उससे मारपीट करने लगा था। मारपीट के बाद महिला वापस अपने मायके दिल्ली आ गई थी। तभी वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात बुढ़ाना के रहने वाले काजीवाड़ा निवासी युवक से हुई थी। उक्त युवक ने अपना नाम युवती को आयुष बताया था तथा एक अधिवक्ता से उसकी मुलाकात कराई, जिसके बाद मेरठ में उसने अपने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।इस दौरान युवती ने समाा कि आयुष उसका हितैषी है और धीरे धीरे बात करते करते दोनों में प्रेम हो गया। उसके बाद युवती कथित आयुष के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी, मगर अब जाकर उसकी आंख खुली तो पता



चला कि जो युवक आयुष हाथ पर कलावा बांधता था, अब उससे कलमा पढ़वाना चाहता है। युवती का आरोप है कि उसने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर कई वर्षों तक ब्लैकमेल करने के साथ साथ उससे जबरदस्ती कलमा तो पढ़वाया ही, साथ ही साथ रोजे रखवाते हुए उसका धर्म परिवर्तन करवा दिया। इतना ही नहीं, जब युवती गर्भवती हो गई, तब उसने जबरदस्ती उसका गर्भ गिरवा दिया। आज उक्त मामले को लेकर हिन्दू संगठन के संजय अरोरा, सरिता अरोरा महिला थाने पहुंचे और थाने में धर्म परिवर्तन के इस मामले की पूरी जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। थाने में शिकायत के दौरान उक्त महिला जिसने धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया है, वह भी मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने उससे पूरी पूछताछ की।

## मुजफ्फरनगर की ऐतिहासिक धरोहर को देंगे नई पहचान: उमेश मिश्रा

**हम मीडिया को अपने आंख व कान मानकर करेंगे सुधार**

**खेती को उद्योग बनाने में नई तकनीक का करेंगे उपयोग**

**मुजफ्फरनगर, 16 सितम्बर (बु.)।** नवांगत डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर का अपना वृहत एवं गौरवशाली इतिहास है, हम इस इतिहास को मिलकर नई पहचान दिलाने का काम करेंगे ताकि आने वाले समय में मुजफ्फरनगर को देश में किसानों, उद्यमी, खिलाड़ी और युवाओं के सहारे एक विशेष पहचान मिल सकें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं पर काम होगा, लेकिन हम इस जिले की खेती को तकनीक के सहारे उद्योग में बदलने के साथ उद्योगों को शासन की योजनाओं के सहारे प्रोत्साहित करते हुए युवाओं को जनपद में रोजगार के बेहतर मौके उपलब्ध कराने का काम करेंगे। इसके लिए उन्होंने जनता के साथ मीडिया से सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सहयोग मांगा।

नवागंतुक डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ पात्रों को लाभ पहुंचाने को इन्हें धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता को अपनी आंख-कान मानकर कार्य करते हैं। मीडिया उनके लिए हाथ व पांव के समान



सहयोगी है। जनता और मीडिया ही हमें नित्य मार्गदर्शन देकर कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां साहित्य, संस्कृति और खेल के साथ दूसरे क्षेत्रों में अच्छी प्रतिभाएं हैं, उनको और निखारा जायेगा। इसके साथ जिले के गौरवशाली इतिहास को आगे ले जाने को पहल करेंगे। उन्होंने शुकतीर्थ जैसे प्राचीनतम धार्मिक तीर्थ के सौन्दर्यकरण और विकास के लिए सरकार ने जो भी योजनाएं हैं, उन्हें पूर्ण कराने के साथ इसे धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करेंगे। इसके साथ जिले की जनता व मीडिया के सहयोग से यहां ऐतिहासिक धरोहर को संवारेंगे ताकि युवा पीढ़ी अपने जिले के इतिहास को जान सके। उन्होंने दावा किया कि यहां खेती को तकनीक के सहारे उद्योग में बदलने का प्रयास करेंगे, वहीं उद्योगों को सरकारी योजनाओं के दायरे में लाकर जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की पहल करेंगे। किसानों को प्रशिक्षण और उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के साथ नवांगत डीएम ने जिले में सड़क, बिजली और पानी सहित सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ बनााने की बात की, उन्होंने कहा कि जनता के अनुभव को साथ लेकर हम जिले को एक नई पहचान दिलाने का काम शुरू करेंगे। इस दौरान सीडीओ संदीप भागिया, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप मौजूद रहे। इससे पूर्व मुजफ्फरनगर के नवांगत जिलाधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा सवेरे कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषागार के डबल लॉक रूम में करीब 10 बजे पहुंचे। यहां पुलिस की टुकड़ी द्वारा गॉड ऑफ आनर से स्वागत किए जाने के बाद यहां उन्होंने चार्ज लिया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में अधिकारी व कर्मियों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बाद में उन्होंने कलेक्ट्रेट में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए जरुरी जानकारी प्राप्त की।






